## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 01.02.2025

### जेटीसी और आरटीसी के अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्थाएं पूरा रखने के निर्देश

**बरेली।** एडीजी एवं एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षणार्थी बैरक आदि का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आरक्षी भर्ती का परीक्षाफल घोषित होने को देखते हुए पहले से ही पूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्वॉइंट ट्रेनिंग कोर्स के 1,473 एवं रिजर्व ट्रेनिंग कोर्स के 800 प्रशिक्षणार्थियों के लिए व्यवस्थाएं पूरी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस कैफे का निरीक्षण कर मेन्यू एवं रेट लिस्ट की जांच की। कैफे किचन की साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 01.02.2025

### एडीजी ने पुलिस लाइन में देखीं व्यवस्थाएं



**बरेली, अमृत विचार :** एडीजी रमित शर्मा ने एसएसपी अनुराग आर्य के साथ शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में बैरक, मेस, क्लासरूम और परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का परिणाम जल्द आने वाला है। इसके लिए पुरुष और महिला रिक्रूट आरक्षियों का जेटीसी और आरटीसी प्रशिक्षण बरेली में होगा। जेटीसी में 1473 और आरटीसी में 800 रिक्रूट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसलिए समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 01.02.2025

# बरेली को मिले 1,473 रिक्रूट, लेंगे प्रशिक्षण

- एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइंस का किया निरीक्षण

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के बाद जिले को 1473 रिक्रूट आरक्षी मिले हैं। इनका जरूरी प्रशिक्षण यहां रिजर्व पुलिस लाइन में होगा। एडीजी जोन रमित शर्मा ने शुक्रवार को रिक्रूट के प्रशिक्षण को लाइन में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं कार्ययोजना के क्रियान्वयन के संबंध में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए। रिक्रूट आरक्षी के उच्च कोटि के प्रशिक्षण को मूलभूत सुविधाओं-आवासीय भवन (तख्त/प्रकाश व्यवस्था/पंखा), भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण, प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समय से पूर्ण करने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बरेली जोन को प्रस्तावित जेटीसी के लिए कुल 7461 रिक्रूट आरक्षी ( पुरूष- 5968 व महिला- 1493) जिसमें बरेली को कुल 1473 रिक्रूट आरक्षी (पुरूष- 1178 व महिला- 295), बदायूं को 1219 (पुरूष- 975 व महिला- 244), पीलीभीत को 657 (पुरूष- 525 व महिला- 132), शाहजहांपुर को 1062 (पुरूष- 850 व महिला- 212), सम्भल को 710 (पुरूष- 568 व महिला- 142), बिजनौर को 1181 (पुरूष- 945 व महिला- 236), अमरोहा को 286 (पुरूष- 229 व महिला- 57), मुरादाबाद को 514 (पुरूष- 411 व महिला- 103) एवं रामपुर को 359 (पुरूष- 287 व महिला- 72) का आवंटन किया गया है।

निरीक्षण के समय एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सेकेंड नोडल अधिकारी आरटीसी संदीप सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 01.02.2025

# एडीजी व एसएसपी द्वारा लाइन स्थित प्रशिक्षणार्थी बैरक आदि मूल-भूत सुविधाओं का किया निरीक्षण



**आसमां तक रिपोर्टर**

**बरेली।** उत्तर-प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती- 2023 के अन्तर्गत चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षाफल शीघ्र घोषित किया जाना है जिसके सापेक्ष जनपद बरेली में पुरूष एवं महिला आरक्षियों का जे0टी0सी0 हेतु लगभग 1473 एवं आरटीसी हेतु 800 प्रशिक्षार्थियों का आवंटन प्रस्तावित है। प्रस्तावित आंवटन के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा तैयारियों की समीक्षा करते हुये रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षणार्थी बैरक, मैस, क्लासरूम, परेड ग्राउण्ड आदि अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित को समय से समस्त तैयारी करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित संचालित पुलिस कैफे का निरीक्षण कर मैन्यू एवं रेट लिस्ट को चेक किया गया तथा कैफे किचन की साफ-सफाई हेतु निर्देश दिये गये।

**टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 01.02.2025**

# 1473 रिक्रूट सिपाहियों को मिला आशियाना




**टेलीग्राम संवाद**

बरेली। अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 उपरान्त जनपद बरेली में प्रस्तावित कुल 1473 रिक्रूट आरक्षी (पुरुष-1178 व महिला-295) जेटीसी/आधारभूत प्रशिक्षण दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता व कार्ययोजना क्रियान्वयन परिपेक्ष में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा रिक्रूट आरक्षी उच्च कोटि प्रशिक्षण हेतु मूलभूत सुविधाओं- आवासीय भवन(तख्त/प्रकाश व्यवस्था/पंखा इत्यादि सहित)/भोजनालय /स्वच्छ पेयजल/स्नानागार/शौचालय/प्रशिक्षण उपकरण /प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समय से पूर्ण करने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण समय अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक नगर, संदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय/नोडल अधिकारी आरटीसी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बरेली जोन को प्रस्तावित जेटीसी हेतु कुल 7461 रिक्रूट आरक्षी (पुरूष- 5968 व महिला- 1493 ) जिसमें जनपद बरेली को कुल 1473 रिक्रूट आरक्षी ( पुरूष- 1178 व महिला- 295), जनपद बदायूं 1219 (पुरूष- 975 व महिला- 244 ), जनपद पीलीभीत को 657( पुरूष- 525 व महिला- 132 ), जनपद शाहजहॉपुर को 1062( पुरूष- 850 व महिला- 212 ), जनपद सम्भल को 710( पुरूष- 568 व महिला- 142 ), जनपद बिजनौर को 1181( पुरूष- 945 व महिला- 236 ), जनपद अमरोहा को 286( पुरूष- 229 व महिला- 57 ), जनपद मुरादाबाद को 514 (पुरूष- 411 व महिला- 103) व जनपद रामपुर 359 (पुरूष- 287 व महिला- 72) आवंटन किया गया है। उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।